भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1669**
13.02.2023 को उत्तर के लिए

**केन्द्र प्रायोजित पर्यावरण परियोजनाएं**

**1669. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में कितनी केन्द्र प्रायोजित पर्यावरण परियोजनाएं शुरू की गई हैं;
(ख) प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और इसके लिए दी गई सहायता की राशि कितनी है;
(ग) क्या राज्य में कोई नई परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

(क) और (ख) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) केन्द्रीय प्रायोजित पर्यावरण योजना 'प्राकृतिक संसाधनों और पारिस्थितिक तंत्र का संरक्षण (सीएनआरई)' के अन्तर्गत केंद्र और राज्य के बीच लागत साझा करने के आधार पर राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार एमओईएफएंडसीसी द्वारा विचार किया जाता है। अनुमोदन होने पर, मौजूदा व्यय संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य सरकारों को धनराशि जारी की जाती है। पिछले तीन वर्षों में आंध्र प्रदेश सरकार को सीएनआरई योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता नहीं मिली है।

(ग) वर्तमान में एमओईएफएंडसीसी में सीएनआरई योजना के अन्तर्गत आंध्र प्रदेश सरकार का कोई परियोजना प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(घ) उत्तर के (ग) भाग को ध्यान में रखते हुए, प्रश्न नहीं उठता है।

******